प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

11 मई 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक, जीएफआईएन के सहयोग से ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंट में भाग लेने के लिए फर्मों को आमंत्रित करता है

भारतीय रिज़र्व बैंक, ग्लोबल फाइनेंशियल इनोवेशन नेटवर्क (जीएफ़आईएन) के पहले ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंट में भाग लेने वाले 13 अंतर्राष्ट्रीय विनियामकों में से एक होगा।

जीएफ़आईएन, उपभोक्ताओं के हित में वित्तीय नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का एक समूह है और वर्तमान में इसकी अध्यक्षता वित्तीय आचरण प्राधिकारी द्वारा की जा रही है। प्रतिभागी सदस्य के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक इस ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंट में भाग लेने के लिए भारत की फर्मों को आमंत्रित कर रहा है।

'हरित (ग्रीन)' के रूप में विपणन किए जाने वाले या व्यापक धारणीयता का दावे करने वाले निवेश उत्पादों की संख्या बढ़ रही है। पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन (ईएसजी) क्रेडेंशियल्स से संबंधित अतिरंजित, भ्रामक या निराधार दावों से इन उत्पादों में विश्वास कम होता है और भारतीय रिज़र्व बैंक यह सुनिश्चित करना चाहता है कि उपभोक्ता और फर्म इस बात पर भरोसा कर सकें कि उत्पादों में धारणीयता संबंधी वे विशेषताएँ हैं जिनका वे दावा करते हैं।

इसलिए, भारतीय रिज़र्व बैंक एक वर्चुअल टेकस्प्रिंट में भाग लेगा, जिसे एफसीए के डिजिटल सैंडबॉक्स पर आयोजित किया जाएगा, ताकि सामूहिक प्राथमिकता के रूप में धारणीय वित्त पर विचार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय विनियामकों, फर्मों और अन्वेषकों को एक साथ लाया जा सके। टेकस्प्रिंट एक **ऐसा उपकरण या समाधान विकसित करेगा, जो विनियामकों और बाजार को वित्तीय सेवाओं में ग्रीनवॉशिंग के जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद कर सके।**

भारतीय रिजर्व बैंक, टेकस्प्रिंट में भाग लेने के लिए इच्छुक सभी भारतीय फर्मों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित कर रहा है। आवेदन विंडों अभी खुली हुई है और यह **21 मई 2023** को बंद हो जाएगी।

फर्मों को विश्व भर के विनियामकीय विशेषज्ञों, विभिन्न हितधारकों और पेशेवरों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा।

इसके अलावा, आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान करने के लिए जीएफआईएन, टेकस्प्रिंट में भाग लेने में रुचि रखने वाली फर्मों के लिए एक सूचना पैक प्रदान करेगा।

जो फर्म अपने आवेदन में सफल होंगी, वे ऑन-बोर्डिंग के लिए आगे बढ़ेंगी, जो **1 और 2 जून** को होगी। यह फर्मों को डिजिटल सैंडबॉक्स पर प्रशिक्षण और टेकस्प्रिंट प्रक्रिया का गहन अवलोकन प्रदान करेगा।

टेकस्प्रिंट की शुरुआत **5 जून** को होगी और यह **3 महीने** तक चलेगा तथा **सितंबर 2023 में प्रदर्शनी दिवस** के साथ इसका समापन होगा।

जीएफ़आई ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंट में आवेदन करने में रुचि रखने वाली फर्म जीएफ़आईएन वेबसाइट के माध्यम से प्रतिभागी विनियामकों की सूची देख सकती हैं।

जीएफआईएन ग्रीनवॉशिंग टेकस्प्रिंट के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क करने में रुचि रखने वाली फार्म fintech@rbi.org.in पर ईमेल कर सकती हैं।

(योगेश दयाल)

मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/212